केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली

दिनांक:-13.11.2020

(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय)

जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष परामर्श/प्रवेश हेतु सूचना

शिक्षाशास्त्री प्रवेश परीक्षा-2020 में उत्तीर्ण छात्रों में से वरीयता श्रेणी, आरक्षण नियम एवं रिक्तस्थानानुसार परामर्श (Counselling)/प्रवेश के लिए बुलाये जाने वाले अभ्यार्थियों की सूची में जिन छात्रों को सम्मिलित किया गया है, उनको सूचित किया जाता है कि पूर्व दिनांक 10.11.2020 को परिसर आबंटित सूची में दी गई आवश्यक प्रमाणपत्र एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ-साथ निम्नलिखित विवरणानुसार दिनांक 18.11.2020 से दिनांक 28.11.2020 तक परामर्श (Counselling)/प्रवेश का आयोजन किया जायेगा:-

- वर्तमान में COVID-19 को ध्यान में रखते हुए सम्बन्धित छात्रों को भौतिक उपस्थिति या ऑनलाईन के माध्यम से आबंटित परिसर में ही परामर्श/प्रवेश की सुविधा दी गई है। आबंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित छात्रों के अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात स्थानीय प्रवेश समिति के अनुशंसा पर **स्थायी प्रवेश** एवं ऑन-लाईन के माध्यम से अभिलेखों के सफल सत्यापन कराने वाले छात्रों को स्थानीय प्रवेश समिति के अनुशंसा पर **अस्थायी प्रवेश** दिया जायेगा। जिन छात्रों को **अस्थायी प्रवेश** प्रदान किया जायेगा ऐसे छात्रों को शपथ पत्र देना होगा कि '' मैं..............................सामान्य परिस्थिति होने पर भौतिक रूप से आबंटित परिसर में मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर पुन: अभिलेखों का सत्यापन कराऊंगा/ कराऊंगी तथा किन्हीं कारणों से असफल होने पर मेरा प्रवेश बिना किसी शर्त के साथ निरस्त किया जाए तथा मुझे यह भी ज्ञात है कि भौतिक सत्यापन में असफल होने पर मेरे द्वारा समर्पित शुल्क वापिस नहीं किया जाएगा। ''।

- परामर्श (Counselling)/प्रवेश हेतु आबंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित छात्रों को अभिलेखों की सफल सत्यापन के पश्चात प्रवेश शुल्क नकद या परिसरीय निर्देशानुसार अन्यान्य माध्यम से तत्काल एवं ऑनलाईन माध्यम से परामर्श (Counselling)/प्रवेश करवाने वाले छात्रों को सफल परामर्श के दो दिनों के अन्दर डी.डी. बनवाने का प्रमाण तथा एक सप्ताह के अन्दर मूल डी.डी. आबंटित परिसर में प्राप्त होने पर ही प्रवेश मान्य होगा अन्यथा प्रवेश स्वत: निरस्त माना जायेगा।

- ऑनलाईन के माध्यम से अभिलेखों के सफल सत्यापन के पश्चात अस्थायी प्रवेश प्राप्त छात्रों का प्रवेश तभी स्थायी माना जायेगा जब सम्बन्धित छात्र भौतिक रूप से आबंटित परिसर में समस्त मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेगा।

- परामर्श (Counselling)/प्रवेश दिनांक १८.११.२०२० प्रात: १०:३० बजे से २८.११.२०२० सायं ०५:०० बजे तक लिया जाएगा।

- प्रवेश से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए आबंटित परिसर से सम्पर्क किया जा सकता है।

उपरोक्त प्रवेश सम्बन्धित सूचना विश्वविद्यालय की बेव साइट के अतिरिक्त पोस्ट या अन्य किसी भी माध्यम से अलग से नहीं भेजा जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक